पंजाब केसरी 17/11/2024

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता जी.एम.एन. कॉलेज के छात्रों को सम्मानित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

संविधान पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज प्रथम

अम्बाला, 16 नवम्बर (बलराम): शहर स्थित एस.डी. कॉलेज में संविधान पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में बी.ए. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों निशा एवं सुमित और बी.सी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रगति ने अग्रणी भूमिका निभाई। आयोजकों द्वारा इन विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में छात्रों को निरंतर रूप से भाग लेना चाहिए। इससे ही व्यक्ति का व्यक्तित्व निखरता है। डा. सरोज ने विद्यार्थियों की प्रशंसा की तथा भविष्य के लिए और कड़ी मेहनत करने को कहा। डा. तृप्ति शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रत्येक कॉलेज से तीन विद्यार्थियों की टीम को आमंत्रित किया गया था। प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं छात्रों के ज्ञान में वर्धन करती हैं।